हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 10 मई 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 प्रतिबंध के बाद भी जिले में जल रहे खेत



08 नौकरी के नाम पर प्रदेशभर के 3200 युवाओं से...



खबर संक्षेप

आज होगी फिजिकल स्क्रीनिंग

नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल, पुलिस, होमगार्ड और निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार करने हेतु शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 शुरू की जा रही है। सहायक संचालक पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग नर्मदापुरम ने बताया कि योजना के तहत चयनित युवाओं को 12 मई से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण से पहले अभ्यर्थियों की फिजिकल स्क्रीनिंग 10 मई को प्रातः 8 बजे से पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित की जाएगी।

पिपरिया में अमृत योजना के कार्यों का निरीक्षण

नर्मदापुरम। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार नगरपालिका पिपरिया के अमले द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्र में अमृत योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन पार्क एवं एमआरएफ सेंटर (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) तथा कंपोस्टिंग यूनिट स्थल का अवलोकन कर कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया गया।

गेहूं उपार्जन केंद्रों का प्रशासन ने निरीक्षण किया

कहीं प्रभारी गायब, तो कहीं अमानक गेहूं मिला, कई अव्यवस्थाएं उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रशासनिक अधिकारियों ने शनिवार को ब्यावरा क्षेत्र के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने निर्देश भी दिए।

नर्मदापुरम जिले में गेहूं खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और किसान-सुविधाजनक बनाने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। किसानों और किसान संघों से लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शनिवार को जिला उपार्जन समिति ने ब्यावरा क्षेत्र के विभिन्न उपार्जन केंद्रों पर अचानक धावा बोला। निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों पर भारी अव्यवस्थाएं उजागर हुई, जिन्हें अधिकारियों ने मौके पर ही दुरुस्त कराया और अमानक गेहूं की खरीदी पर प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाई। इस औचक निरीक्षण दल में जिला आपूर्ति अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी, मप्र वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक वासुदेव दंवडे, सुरेश संखेरे और सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक शामिल थे।



गोदाम में पकड़ाया हजारों क्विंटल अमानक गेहूं

सबसे बड़ी कार्रवाई ग्राम चांदला स्थित एच.एस.व्ही. वेअरहाउस (राधा स्व सहायता समूह कोदगांव) में हुई। यहां किसान विजय यादव की उपज को सर्वेयर ने गुणवत्ताहीन बताकर रिजेक्ट कर दिया था। अधिकारियों ने जब वहां पहले से स्टेक में रखी बोरियों की जांच की, तो भारी मात्रा में अमानक गेहूं का भंडाफोड़ हुआ। गोदाम सर्वेयर की जांच में चालान क्रमांक 5642634100 17 (दिनांक 8 मई) की 2590 बोरियां (1295 क्विंटल) और चालान क्रमांक 564263410018 (दिनांक 9 मई) की 2277 बोरियां पूरी तरह से अमानक पाई गईं। अधिकारियों ने खरीदी प्रभारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि शासन की नीतियों और निर्धारित गुणवत्ता मानकों के विपरीत जाकर एक दाना भी खरीदा गया, तो कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

सुबह 10 बजे तक नदारद मिले खरीदी प्रभारी

निरीक्षण की शुरुआत में जब टीम नमामि स्वसहायता समूह के उपार्जन केंद्र (एच.एल. अग्रवाल वेअरहाउस, ब्यावरा) पहुंची, तो वहां घोर लापरवाही देखने को मिली। सुबह 10 बजे तक खरीदी प्रभारी ही मौके से गायब थे और केंद्र के बाहर लगभग 50 ट्रॉलियां कतार में खड़ी इंतजार कर रही थीं। अधिकारियों ने तत्काल दूरभाष पर प्रभारी को तलब किया और किसानों की खरीदी शुरू करवाई।

बारदाने की कमी कराई गई दूर

दौरे के दौरान निटाया स्थित गोविंद वेअरहाउस में संचालित निमसाडिया समिति के खरीदी केंद्र का भी जायजा लिया गया। समिति ने अधिकारियों के सामने बारदाने (बोरियों) की कमी की समस्या रखी, जिस पर जिला प्रबंधक सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन ने तत्काल संबंधित प्रभारी को पर्याप्त बारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि किसानों को परेशानी न हो

100 से ज्यादा ट्रॉलियां, जाम में फंसे हम्माल

नवज्योति वेयरहाउस में संचालित श्री राधा स्वसहायता समूह के उपार्जन केंद्र की स्थिति भी चिंताजनक थी। यहां सड़क पर 100 से अधिक ट्रॉलियों की लंबी कतार लगी थी। अव्यवस्था के कारण केंद्र के हम्माल बागदेव रोड पर लगे भारी जाम में फंसे हुए थे। अधिकारियों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए जाम खुलवाकर हम्मालों को केंद्र तक पहुंचाया और खरीदी प्रभारी को सख्त निर्देश दिए कि किसानों को टोकन जारी कर व्यवस्थित तरीके से क्रमवार खरीदी की जाए।

रामगढ़ में पोकलेन और दो डंपर जब्त, थाने में खड़े करवाए गए

रेत माफियाओं के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में नदियों का सीना चीरकर अवैध कमाई करने वाले बेलगाम रेत माफियाओं पर अब प्रशासन का भारी डंडा चला है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के सख्त तेवरों के बाद जिले भर में अवैध खनन के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाइयां जारी हैं। इसी कड़ी में खनिज, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शिवपुर तहसील के ग्राम रामगढ़ में एक बड़ी छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया है, जिससे रेत के काले कारोबारियों में भारी हड़कंप मच गया है।

मशीनें छोड़ भागे माफिया

मिली जानकारी के अनुसार, रामगढ़ इलाके में बड़े पैमाने पर भारी मशीनों के जरिए अवैध उत्खनन का खेल चल रहा था। भनक लगते ही विभागों की संयुक्त टीम ने पूरी रणनीति के साथ मौके पर अचानक धावा बोला। यह कार्रवाई इतनी गुप्त और तेज थी कि माफियाओं को संभलने और अपने वाहन भगाने तक का मौका नहीं मिला। टीम ने मौके पर पोकलेन मशीन और दो डंपरों को रंगे हाथों जप्त कर लिया है।

थाने में खड़े किए वाहन

कार्रवाई के दौरान जप्त की गई भारी-भरकम मशीनरी और दोनों डंपरों को तत्काल पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाना शिवपुर में सुरक्षित खड़ा करा दिया गया है। इस बड़ी जब्ती से इलाके के उन रेत माफियाओं की नींद उड़ गई है जो बेखौफ होकर इस धंधे को अंजाम दे रहे थे। अब प्रशासन इन वाहनों के मालिकों और इस पूरे रैकेट के पीछे छिपे सफेदपोश सरगनाओं की कुंडली खंगालने में जुट गया है।

कलेक्टर का सख्त अल्टीमेटम: बख्शे नहीं जाएंगे माफिया

अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण को लेकर जिला प्रशासन ने साफ तौर पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना ली है। विभागों द्वारा लगातार की जा रही सघन जांच और जब्ती की कार्रवाइयों ने स्पष्ट कर दिया है कि जिले में अब किसी भी माफिया को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन के इस 'हंटर' ने यह तय कर दिया है कि आने वाले दिनों में अवैध खनन के धंधे में शामिल और भी कई बड़े मगरमच्छ कानून के सख्त शिकंजे में फंसने वाले हैं।

रात में जला चार्जिंग पर लगा ई-आटो, शिकायत हुई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर थाने में एक फरियादी ने चार्जिंग पर लगे अपने ई-ऑटो के जलने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा जारी प्रेसनोट अनुसार मुकेश पिता स्वर्गीय किशोरी लाल टेकाम निवासी ग्राम श्रीरंगपुर टेकापार के द्वारा इस आशय की सूचना दर्ज कराई गई है। जिसके अनुसार फरियादी ने फरवरी 2026 में रू 4,10000 का नया टेरा कंपनी का ऑटो एमपी 05 जेडके 6960 खरीदा था। आठ मई 2026 को रात्रि 12:00 बजे वह घर में ऑटो चार्जिंग पर लगाकर सो गया था। करीबन 1:30 बजे देखा तो ऑटो में आग लगी थी। आसपास के लोगों व फरियादी ने आज बुझाई। रिपोर्ट अनुसार आग कैसे लगी जानकारी नहीं है लेकिन ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया है।

मालाखेड़ी में माइनर नहर के अतिक्रमण पर चला जेसीबी का पंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में सिंचाई व्यवस्था को सुचारू बनाने और जल प्रवाह में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने अपना रुख सख्त कर लिया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के कड़े निर्देशों के बाद जिले भर में नहरों पर कब्जा जमाने वाले अतिक्रमणकारियों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को नर्मदापुरम नगर तहसील के ग्राम मालाखेड़ी में राजस्व और सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक माइनर नहर को अतिक्रमण मुक्त कराया है।



शिकायत के बाद हरकत में आया अमला

जानकारी के अनुसार, प्रशासन को ग्राम मालाखेड़ी में सिंचाई विभाग की माइनर नहर पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इन कब्जों के कारण पानी का बहाव बाधित हो रहा था। सिंचाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

ढहाया गया अतिक्रमण

नायब तहसीलदार शक्ति तोमर ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशों के पालन में राजस्व और सिंचाई विभाग की एक संयुक्त टीम बनाई गई। शनिवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर पहले नहर क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। स्थिति का जायजा लेने के बाद अमले ने जेसीबी मशीन की मदद से नहर पर किए गए अतिक्रमण को पूरी तरह से हटा दिया। इस संयुक्त कार्रवाई के बाद माइनर नहर का मार्ग पूरी तरह से मुक्त करा लिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि किसानों की सिंचाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में जहां भी नहरों पर अतिक्रमण कर जल प्रवाह रोका जा रहा है, उन्हें चिन्हित कर इसी तरह की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

सांगखेड़ा खुर्द में 'जल मंदिर' का शुभारंभ ग्रामीणों को दिया जल संरक्षण का संदेश

नर्मदापुरम। माखननगर विकासखंड के सेक्टर 5 की नवांकुर संस्था 'साथी सामाजिक सेवा समिति' एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सांगखेड़ा खुर्द के संयुक्त तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम चौपाल पर 'जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संस्था से नीरज चतुर्वेदी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जल के समुचित उपयोग और उसकी महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और इसकी हर बूंद को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। परामर्शदाता राकेश कीर ने जल संवर्धन एवं जल संरक्षण के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्षा जल संचयन और भूजल स्तर बढ़ाने के तरीकों के बारे में ग्रामीणों को जागरुक किया।

जनगणना में नागरिक बढ़-चढ़कर करें सहयोग : सांसद माया नारोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सांसद कार्यालय "संवाद केन्द्र" में शनिवार को राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने जनगणना से संबंधित जानकारी साझा करते हुए नागरिकों से इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की।

इस दौरान प्रगणक शैलेन्द्र सिंह तोमर ने सांसद माया नारोलिया से जनगणना से जुड़े 34 प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल और स्पष्ट रूप से उत्तर दिया। सांसद माया नारोलिया ने कहा कि जनगणना देश के सामाजिक और आर्थिक विकास की आधारभूत प्रक्रिया है। इससे प्राप्त आंकड़े शासन की योजनाओं और नीतियों को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की सही और अद्यतन जानकारी दर्ज होना आवश्यक है, जिससे जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जनगणना कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाएं और प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो सके।

इस अवसर पर प्रगणक शैलेन्द्र सिंह तोमर ने सांसद के सहयोग की सराहना करते हुए जनगणना के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के सुझाव भी साझा किए।

राज्य सभा सांसद ने की योजनाओं की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत सरकार की आवास और शहरी मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्ययन प्रवास के दौरान राज्यसभा सांसद शमाया नारोलिया ने तिरुपति में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने शहरी विकास, बुनियादी ढांचे की मजबूती और केंद्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर गहन चिंतन और संवाद किया। बैठक में आंध्र प्रदेश सरकार के प्रतिनिधियों, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के अधिकारियों तथा तिरुपति शहरी विकास प्राधिकरण के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

ट्रेन से पानी लेने उतरे यात्री का पैर फिसला आरपीएफ आरक्षक ने समय पर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 01 पर शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अपनी ड्यूटी पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के एक सजग आरक्षक की तत्परता ने चलती ट्रेन से गिरे यात्री की जान बचा ली। जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 20423 छिंदवाड़ा-नई दिल्ली सुपरफास्ट अपने निर्धारित समय दोपहर 14:40 बजे इटारसी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 01 पर पहुंची। ट्रेन के रुकने से पहले ही छिंदवाड़ा से नई दिल्ली की यात्रा कर रहा यात्री किशन कुमार पानी लेने की जल्दबाजी में चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान संतुलन बिगडऩे के कारण वह ट्रेन से उल्टा गिर गया और प्लेटफार्म व ट्रेन के बीच फंसने ही वाला था।

यात्री को गिरता देख वहां ऑन-ड्यूटी तैनात आरपीएफ इटारसी के आरक्षक हर प्रताप सिंह परमार ने अदम्य साहस और फुर्ती का परिचय दिया। उन्होंने तुरंत दौड़कर गिरते हुए यात्री को पकड़ लिया और उसे सुरक्षित रूप से ट्रेन से दूर खींचा। इस दौरान वहां मौजूद अन्य यात्रियों ने भी मदद की। गनीमत रही कि यात्री किशन कुमार को केवल हल्की चोटें आईं। प्राथमिक सहायता के बाद जब उनसे पूछताछ की गई, तो उन्होंने बताया कि वह पूरी तरह ठीक हैं और उन्हें कोई गंभीर परेशानी नहीं है। यात्री ने अपनी जान बचाने के लिए आरपीएफ जवान और सहायक यात्रियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

किसान समस्याओं के निराकरण हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी नीलेश शर्मा ने किसान संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर किसानों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में किसानों द्वारा कृषि, सहकारिता, विद्युत आपूर्ति एवं उपार्जन व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया। इस दौरान उपस्थित कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, एमपीईबी एवं एफसीआई विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए गए। एसडीएम शर्मा ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ किसानों तक समय पर पहुंचे। बैठक में किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु विभागीय समन्वय एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए भी निर्देशित किया गया।


योगेंद्र सिंह की इस कृति के पीछे एक गहरा विचार छिपा

अन्न के दानों में उकेरी 'विजय की गाथा' नर्मदापुरम के कलाकार ने झालमुड़ी से बनाई पीएम मोदी की कलाकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कला जब मिट्टी की सोंधी खुशबू और किसान की गहरी सोच से मिलती है, तो वह केवल प्रदर्शन की वस्तु नहीं रह जाती, बल्कि एक जीवंत संदेश बन जाती है। कुछ ऐसा ही अनूठा उदाहरण पेश किया है नर्मदापुरम जिले के ग्राम सुपरली के कलाकार योगेंद्रपाल सिंह सोलंकी ने। योगेंद्र ने बंगाल के मशहूर व्यंजन 'झालमुड़ी' के दानों का उपयोग कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक भव्य और कलात्मक चित्रकृति तैयार की है, जो इस समय पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

कलाकार योगेंद्र सिंह की इस कृति के पीछे एक गहरा विचार छिपा है। उनके अनुसार, झालमुड़ी केवल बंगाल का एक साधारण व्यंजन नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की 'विविधता में एकता' का प्रतिबिंब है। देश के हर कोने में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है, लेकिन इसके बनने की विधि और इसकी सादगी एक जैसी है।



योगेंद्र कहते हैं कि'स्वतंत्रता संग्राम के समय हमारे महापुरुषों ने इन्हीं साधारण संसाधनों और सादगीपूर्ण जीवन के बल पर बड़े-बड़े संकल्प सिद्ध किए थे। आज यह झालमुड़ी बंगाल विजय और जनसामान्य के संघर्ष का प्रतीक बन चुकी है।'

इस कलाकृति में एक किसान की सोच भी झलकती है। जिस तरह एक किसान मिट्टी और अन्न के दानों से देश का भविष्य सींचता है, उसी तरह योगेंद्र ने अन्न के उन्हीं दानों मुरमुरे/झालमुड़ी को एक वैचारिक रूप दिया है। उनका मानना है कि बीजेपी के कार्यकर्ताओं और महापुरुषों ने जिस तरह त्याग और समर्पण से संगठन को खड़ा किया, वह राष्ट्रसेवा के उसी संकल्प को दोहराता है जो एक साधारण किसान के जीवन में होता है। आज बंगाल में आयोजित होने वाले भव्य शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर यह चित्रकृति प्रधानमंत्री के प्रति एक विशेष भेंट के रूप में देखी जा रही है। योगेंद्र का मानना है कि जब देश का नेतृत्व साधारण जनजीवन की चीजों से जुड़ता है, तो वह राष्ट्र की संस्कृति और लोक-भावनाओं को नई शक्ति प्रदान करता है।

पुरानी इटारसी में 14 वर्षीय किशोर ने खाया जहर, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के कावड़ मोहल्ला क्षेत्र में एक 14 वर्षीय एक किशोर की जहर का सेवन करने से मौत हो गई। परिजनों ने किशोर को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया था, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

इस घटना के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान आयुष चिमानिया 14 वर्ष, पिता सचिन चमानिया, निवासी कावड़ मोहल्ला, सरदार पटेल स्कूल के पास, इटारसी के रूप में हुई है।

पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। किशोर के परिजनों ने आज पुलिस थाने में मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि किशोर को प्रताड़ित किया गया है, इसलिए उसने ऐसा कदम उठाया है। परिजनों ने पुलिस को कुछ नाम भी बताए हैं।

खबर संक्षेप

22 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों से लगाई फांसी

बैतूल। शहर में वसंत पेट्रोल पंप के पास किराए के मकान में रहने वाली 22 वर्षीय एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान मूल रूप से टिगरिया गांव निवासी दीपिका पवार के रूप में हुई है, जो पिछले ढाई साल से यहां अपने पिता के साथ रह रही थी। जानकारी के अनुसार दीपिका नर्सिंग और सिलाई का काम करने के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थी। दीपिका के पिता हमेशा की तरह कोसमी स्थित अपनी फैक्ट्री में ड्यूटी पर गए हुए थे। दिन में उन्होंने बेटी को फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला और शाम तक उसका मोबाइल भी बंद आने लगा। जब चिंतित पिता शाम को घर पहुंचे, तो उन्होंने कमरे का दरवाजा बंद पाया और अंदर देखने पर दीपिका पंखे से फंदे पर लटकी हुई मिली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जांच अधिकारी वसंत आहके ने बताया कि घटनास्थल या मृतका के पास से कोई भी सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर युवती द्वारा आत्महत्या करने के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

कक्षा 10वीं और 12वीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षा में 1832 विद्यार्थी हुए शामिल

बैतूल। माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित द्वितीय बोर्ड परीक्षा-2026 के तहत शनिवार को जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं का इतिहास, रसायन, व्यवसाय, गृह प्रबंधन विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें कुल 1902 परीक्षार्थी दर्ज थे। इनमें से 1832 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 70 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने 4 परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 11 मई को कक्षा 10वीं और 12वीं का गणित व एनएसक्यूएफ विषय की परीक्षा 17 केंद्रों पर आयोजित होगी।

15 को बड़ेगांव में मनेगी महाराणा प्रताप जयंती

बैतूल। महाराणा प्रताप स्मारक निर्माण समिति द्वारा 15 मई को मुलताई विकासखंड के ग्राम बड़ेगांव में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को राजपूत साख संस्था कार्यालय में बैठक आयोजित की । लाखन सिंह सोलंकी एवं तीरथ सिंह ने बताया कि जयंती समारोह को भव्य एवं आकर्षक रूप देने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

नरवाई (पराली) जलाने वाले 5 किसानों पर एफआईआर, 11 किसानों से वसूला 52500 रुपए जुर्माना

प्रतिबंध के बाद भी जिले में जल रहे खेत

कार्रवाई का असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले में नरवाई (पराली) जलाने की घटनाएं कम नहीं हो रही है। इस साल सैटेलाइट सर्वे में करीब 422 इमेज पराली जलाने की सामने आई है, जिसमें प्रशासन ने कार्रवाही करते हुए 5 किसानों पर एफआईआर दर्ज कराई है, वहीं 11 किसानों पर अर्थदंड लगाकर करीब 52500 रूपये का जुर्माना वसूल किया है। बता दे कि रबी सीजन की कटाई के बाद गेहूं वाले खेत में नरवाई (पराली) शेष बच जाती है। इसे साफ करने के लिए किसान खेत में आग लगा देते है। कभी-कभी यह आग दूर तक फैलकर नुकसान की वजह भी बनती है। इसके अलावा नरवाई जलाने के कई साइड इफेक्ट है। इससे आगजनी का खतरा तो है ही, लेकिन मिट्टी की उर्वरक्ता भी प्रभावित होती हैं। शासन इस सिस्टम को रोकना चाहता हैं। इसलिए प्रतिवर्ष पराली (नरवाई) जलाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है, लेकिन इसके बाद भी नरवाई जलाने की घटनाएं कम नहीं हो रही है। जानकार बताते है कि वर्तमान में महंगी मजदूरी और मजदूर ना मिलने के कारण किसान सामान्य तौर पर हार्वेस्टर पर निर्भर होते जा रहा हैं, इसलिए खेतों में आग लगाने का चलन बढ़ गया हैं। जिसका असर यह है कि खेतों में आग लगाने के दौरान जहां आगजनी की घटनाएं बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो रही है और पराली जलाने के दौरान उठने वाले धुंए के कारण पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है।



सैटेलाइट सर्वे में आगजनी की 422 घटनाएं आई सामने

सैटेलाइट सर्वे में विभाग को 422 इमेज आगजनी की मिली है। दरअसल सैटेलाइट इमेज के माध्यम से खेतों में नरवाई जलने के संकेत मिलने पर कृषि, राजस्व और पंचायत विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और 312 पंचनामा तैयार किया। बताया जा रहा है कि 422 आगजनी की जो घटनाएं सामने आई है, उसमें 39 घटनाएं जंगल में आगजनी और फसल जलने की 14 और नरवाई जलाने 261 घटनाएं हुई। इसके अलावा अन्य 95 घटनाएं आगजनी की सामने आई है। इन घटनाओं में विभाग द्वारा 312 पंचनामा बनाये है और अग्रिम कार्रवाही के लिए तहसीलदार एवं एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किये है। जबकि नरवाई जलाने की पुष्टि होने के बाद किसानों पर एफआईआर सहित जुर्माने की कार्रवाही की गई है।

नरवाई जलाने के सबसे अधिक मामले प्रभातपट्टन ब्लाक के

जिले के विभिन्न ब्लॉकों में नरवाई जलाने के कुल 261 मामले सामने आये है। जिसमें सर्वाधिक मामले प्रभातपट्टन ब्लाक के है। जानकारी के अनुसार जिले के बैतूल ब्लाक में 5, शाहपुर में 15, घोड़ाडोंगरी में 20, चिचोली में 17, मुलताई में 37, आमला में 13, प्रभातपट्टन में 97, भैंसदेही में 17, आठनेर में 28, भीमपुर में 12 कुल 261 घटनाओं की पुष्टि हुई है। इसके बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी आग लगी हुई दिखाई देती है, जो जलने से खेतों को काले रंग में तब्दील कर देती है। कुछ जगह आग ऐसी भी देखने मिली है, जिनको लगाया तो सुविधा के लिये था, लेकिन बाद में वह मुसीबत बन गई, क्योकि उस आग ने खेतों में लगी नरवाई तो साफ की है, लेकिन आग ने कई खेतों में बने मकानों सहित अन्य वस्तुओं को जलाकर राख कर दिया और बचाव ने लिये लोगों को मशक्कत के साथ फायरबिग्रेड की मदद लेनी पड़ी।

इनका कहना है

जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध है। इसके बाद भी किसानों द्वारा नरवाई (पराली) जलाई जा रही है। सैटेलाईट सर्वे में आगजनी की 422 घटनाएं सामने आई थी। जांच के बाद 5 किसानों पर एफआईआर और 11 किसानों से 52500 रूपये जुर्माना वसूल किया गया है।

- सुरेन्द्र पराते, सहायक संचालक, कृषि विभाग बैतूल

5 किसानों पर एफआईआर 11 पर जुर्माने की कार्रवाई

प्रतिबंध के बावजूद नरवाई जलाने वाले किसानों पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए एफआईआर भी दर्ज की है। बताया जा रहा है कि प्रशासन ने 5 किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है, वहीं 11 किसानों से 52500 रूपये जुर्माना वसूल किया गया है। जिन किसानों पर एफआईआर दर्ज कराई है, उसमें एक किसान घोड़ाडोंगरी ब्लाक का है, जबकि दो किसान चिचोली ब्लाक और एक-एक किसान आठनेर-भीमपुर ब्लाक के शामिल है। इसी तरह बैतूल ब्लाक के 5 किसानों से 20 हजार, चिचोली के 2 किसानों से 5 हजार मुलताई के एक किसान से ढाई हजार, प्रभातपट्टन के तीन किसानों से 25 हजार कुल 52500 रूपये का जुर्माना वसूल किया है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले भी नरवाई जलाने के 17 मामले सामने आये थे।

नरवाई जलाने पर होगी कार्रवाई

सार्वजनिक संपत्ति, पर्यावरण एवं लोक व्यवस्था को बनाये रखने के लिए कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 63 में प्रदत्त अधिकारों के तहत बैतूल जिले की भौगोलिक सीमा में खेत में नरवाई पराली में आग लगाना प्रतिबंधित किया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर मप्र शासन पर्यावरण विभाग, भोपाल के तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम) 1981 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत अर्थदण्ड अधिरोपित करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद भी किसान खेतों में कचरा, पराली साफ करने के लिए आग लगा रहे है। जिससे पर्यावरण और खेतों को भी नुकसान पहुंच रहा है। इन सभी कारणों को देखते हुए प्रशासन द्वारा हर साल पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है, लेकिन इसके बाद भी जिले में पराली जलाने के मामले नहीं थम रहे है।

खेतों में नरवाई जलाने की बजाय अब मिलेगी निःशुल्क सफाई सुविधा

समाजसेवी उपेंद्र पाठक की पहल, वैज्ञानिक तकनीक से होगी खेतों की सफाई

मुलताई। प्रतिवर्ष प्रशासन द्वारा खेतों में नरवाई (फसल अवशेष/पराली) जलाने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जाते हैं। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में नरवाई जलाने की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं। विशेष रूप से मुलताई क्षेत्र में हर वर्ष पराली जलाने के कारण आगजनी की बड़ी घटनाएं भी होती हैं, जिससे किसानों, पर्यावरण और आसपास के क्षेत्रों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इसी गंभीर समस्या को देखते हुए अनंत ऑटोमोबाइल्स के संचालक एवं समाजसेवी उपेंद्र पाठक ने किसानों को जागरूक करने और खेतों की निशुल्क सफाई करने का अभिनव अभियान शुरू किया है। इस पहल के माध्यम से किसानों को अब खेतों में नरवाई जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और वे पर्यावरण तथा मिट्टी की उर्वरक क्षमता को नुकसान पहुंचाने से बच सकेंगे। उपेंद्र पाठक ने बताया कि किसान केवल एक फोन कॉल पर अपने खेतों की सफाई निशुल्क करवा सकते हैं। इसके लिए किसानों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य पूरी तरह वैज्ञानिक पद्धति से किया जा रहा है, जिसमें चार शक्तिशाली 75 एचपी ट्रैक्टरों और अत्याधुनिक मशीनों का उपयोग किया जाता है।

चार चरणों में होगी खेतों की वैज्ञानिक सफाई : उन्होंने बताया कि खेतों की सफाई चार अलग-अलग मशीनों की सहायता से की जाती है। सबसे पहले प्रेशर मशीन के माध्यम से फसल अवशेषों को व्यवस्थित किया जाता है। इसके बाद कचरा एकत्रित करने वाली मशीन, जाइलो मशीन तथा अंत में राउंड बेलर मशीन की सहायता से खेत को पूरी तरह साफ कर दिया जाता है। इस प्रक्रिया से खेत में मौजूद अवशेषों का वैज्ञानिक प्रबंधन भी संभव हो पाता है।

युवाओं को रोजगार देने की पहल: उपेंद्र पाठक के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य केवल नरवाई जलाने पर रोक लगाना ही नहीं, बल्कि किसानों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने कहा कि यदि किसान आधुनिक तकनीकों का उपयोग करें तो पराली जलाने जैसी समस्याओं से आसानी से बचा जा सकता है।



नरवाई जलाने से होते हैं गंभीर नुकसान: विशेषज्ञों के अनुसार खेतों में नरवाई जलाने से न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी प्रभावित होती है। इससे मिट्टी में मौजूद लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे भविष्य की फसल उत्पादन क्षमता कम हो सकती है। इसके अलावा आग फैलने का खतरा बना रहता है और कई बार बड़े हादसे भी हो जाते हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रभारी मंत्री, विधायक और कलेक्टर को दिया आमंत्रण

सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों में जुटा कुंबी समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

क्षत्रिय लोनारी कुन्बी समाज सेवा संगठन द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए संगठन के जिला अध्यक्ष यशवंत मुन्ना मानकर के नेतृत्व में पदाधिकारी लगातार जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के प्रमुख लोगों से संपर्क कर उन्हें आमंत्रण पत्र सौंप रहे हैं।

शनिवार को संगठन के पदाधिकारी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को विवाह सम्मेलन का आमंत्रण देने पहुंचे। इस दौरान सम्मेलन के उद्देश्य और कार्यक्रम की रूपरेखा से भी उन्हें अवगत कराया गया। इसी क्रम में



संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल को भी सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इसके अलावा मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख तथा बैतूल कलेक्टर से भी मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि समाज में सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलती है। क्षत्रिय लोनारी कुन्बी समाज सेवा संगठन के तत्वावधान में 13 मई, बुधवार को दोपहर 1 बजे सामूहिक विवाह समारोह है संपन्न किया जाएगा। सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, केंद्रीय राज्यमंत्री डी.डी. उईके तथा भैंसदेही विधायक महेन्द्र सिंह चौहान की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, जन अभियान परिषद मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष मोहन नागर तथा सखदेव पांसे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ राजेंद्र देशमुख, हेमंत वागद्रे भी मौजूद रहेंगे। संगठन पदाधिकारियों के अनुसार विवाह सम्मेलन को लेकर समाज में उत्साह का वातावरण है और विभिन्न समितियों का गठन कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। व्यवस्थाओं को लेकर भी लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं ताकि बाहर से आने वाले अतिथियों और समाजजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

स्वस्थ जीवन के लिए नदियों का स्वच्छ होना जरूरी : मोहन नागर

माचना नदी को जलकुम्भी से मुक्त करने उठे सैकड़ों हाथ

बैतूल। जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत बैतूल की जीवनदायिनी नदी माचना को जलकुम्भी से मुक्त करने के लिए अब बड़ी संख्या में नागरिक श्रमदान के लिए आगे रहें हैं। शनिवार को सदर क्षेत्र के माचना घाट पर सैंकड़ों नागरिकों ने माचना स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। नागरिकों के नियमित श्रमदान व नगरपालिका द्वारा पोकलेन और जेसीबी मशीनों के सहयोग से सदर क्षेत्र में माचना जलकुम्भी मुक्त होकर नदी में पानी दिखने लगा है।

नदी स्वच्छता के इस नियमित अभियान में प्रातः 7 बजे से ही लोग श्रमदान के लिए आने लगे हैं। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिले भर की प्रस्फुटन, परामर्श दाता व नवांकुर समितियों के सदस्य, पारदी ढाना बस्ती के युवाजन, ग्रीन टाइगर्स के सदस्य, माचना जन्मोत्सव समिति ,स्वस्ति सेवा समिति, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, शारदा समिति,ओम विजन, आईइसी, प्रदीपन, अंश सेवा समिति, भूपेंद्र बाल एवं महिला समिति, ग्रीन सिटी सहित



अनेक संगठनों के श्रमदानियों ने नदी से जलकुंभी निकालने में अपना योगदान दिया। श्रमदान के पश्चात नदी घाट पर हुए नदी संवाद में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि नदियां हमारे स्वास्थ्य की रक्षक है। अच्छे मानव स्वास्थ्य के लिए नदियों का स्वच्छ रहना आवश्यक है। नदियों के कारण केवल मानव जीवन ही नहीं अपितु लाखों जैवविविधता का पोषण होता है। नदियों को गंदा मनुष्य ने ही किया है तो उसे साफ करने का दायित्व भी हमारा ही है।

खेल प्रशिक्षण शिविर में साप्ताहिक गतिविधियों का विशेष आयोजन



बैतूल। 1 मई से 30 मई तक आरोह-2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का विशेष आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला मुख्यालय पर 8 खेलों हॉकी, कबड्डी, खो-खो, कराते, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, योगासन में एवं समस्त विकासखण्डों में प्रचलित 02 खेलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समय प्रातः 6 से 8 बजे तक एवं सायं 5.30 बजे से सायं 7.30 बजे तक निर्धारित है। आरोह-2026 में भाग लेने वाले खिलाडियों को विभाग द्वारा संचालित खेल अकादमियों की जानकारी से अवगत कराया जावेगा तथा शिविर के माध्यम से प्रतिभावान खिलाडियों को चिन्हित कर उन्हें अकादमियों के लिये आयोजित प्रतिभा खोज कार्यक्रम में प्रतिभागिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षणार्थियों को विभागीय वेवसाइट लिंक पर जाकर पंजीयन शुल्क 11 रूपये के साथ ऑनलाईन पंजीयन करना अनिवार्य है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग पुलिस लाईन कैम्पस बैतूल में संपर्क कर सकते हैं। शासन के निर्देशानुसार खिलाडियों के सर्वांगिण विकास हेतु निर्धारित घटकों फिट इंडिया मूवमेंट, व्यक्तित्व विकास, संस्कृति एवं मनोरंजन, खेल गतिविधियां, परिवार सहभागिता, सामुदायिक सहभागिता, सामाजिक जागरूकता विषयों पर गतिविधियां आयोजित की जावेगी। साप्ताहिक गतिविधियों में शिविर के दौरान प्रथम सप्तांत में जिला मुख्यालय पर खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाडियों के लिए जुम्बा आयोजित की गई । जिला खेल अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील द्वारा प्रशिक्षणरत बच्चों को खेल से जुडने नई-नई गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक के दौरान दिशा निर्देश किए गए जारी

जनहित के जरूरी सुझावों पर होगा प्रभावी अमल: प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा जनहित में दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों पर प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेयजल समस्या से प्रभावित ग्रामों में बोरिंग, मरम्मत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं कर जल आपूर्ति सुचारू बनाई जाए तथा जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को बढ़ावा देकर जिले में पेयजल समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। शनिवार को प्रभारी मंत्री श्री पटेल की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक

आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमन्त खंडेलवाल, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, विधायक घोड़ाडोंगरी गंगाबाई उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन सहित समिति सदस्य एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने मुख्यमंत्री



वृंदावन ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में चिन्हित ग्रामों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर सभी योजनाओं में सेचुरेशन लाया जाए। उन्होंने जल संरक्षण, सडक़ निर्माण, उपार्जन, बिजली व्यवस्था एवं खाद वितरण से जुड़े समिति सदस्यों के सुझावों को शीघ्र अमल में लाने के निर्देश दिए। उपार्जन एवं खाद वितरण की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रों पर किसानों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा किसानों की स्लॉट बुकिंग एवं खाद वितरण संबंधी समस्याओं का समाधान किया गया है और अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके ने जिले में स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चांदोरा-ताईखेड़ा मार्ग के कार्य के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में बैतूल-परतवाड़ा मार्ग को लगभग 1200 करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बनाए जाने की स्वीकृति पर केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया गया।

सिरपुर मॉडल को अपनाए

विधायक हेमन्त खंडेलवाल ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए महाराष्ट्र के सिरपुर मॉडल को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि बैतूल में इसके प्रयोग सफल रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को आवश्यक समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में अभियान चलाकर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किए जाने की बात कही तथा कहा कि 15 मई से जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा जनजागरण अभियान चलाया जाए। उन्होंने बताया कि बड़ोरा मंडी के लिए 5 करोड़ की लागत से सडक़ निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिससे ट्रैफिक समस्या का समाधान होगा। साथ ही गल्ला मंडी एवं सब्जी मंडी के लिए भूमि का चिन्हांकन भी किया जा रहा है। उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किसानों के बीच ई-टोकन प्रणाली का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक़ योजना अंतर्गत निर्मित सडक़ों के 5 वर्षों तक नियमित मेंटेनेंस एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री खंडेलवाल ने पंचायत एवं विकासखंड स्तरीय कार्यालयों में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा बैठकों का रोस्टर कार्यालयों के बाहर प्रदर्शित करने की आवश्यकता बताई, ताकि ग्रामीणों को जानकारी मिल सके और उन्हें अधिकारियों से मिलने में परेशानी न हो

विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने आमला क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई समस्या के स्थायी समाधान के लिए डैम एवं बैराज निर्माण के मानकों में संशोधन तथा लघु सिंचाई परियोजनाओं में प्रति हेक्टेयर वित्तीय लागत बढ़ाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि सडक़ निर्माण कार्यों में सीमांकन एवं सर्वे व्यवस्थित रूप से किया जाए, जिससे भविष्य में विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। विधायक गंगाबाई उईके ने पाढर-शाहपुर-भौरा मार्ग के शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा चिचोली में सिविल अस्पताल प्रस्तावित किए जाने की बात कहीं। उन्होंने नीमपानी में जिले के पहले अटल सुशासन भवन के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री एवं सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। विधायक महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि पुराने कुओं की मरम्मत एवं साफ-सफाई कर उन्हें जल आपूर्ति का सशक्त स्त्रोत बनाया जाए। विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने पेयजल संकट वाले ग्रामों में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग मद से बोरिंग कराने तथा बंद नल-जल योजनाओं को पुनः सुचारू करने की बात कही।

अन्य विषयों पर भी हुई चर्चा

बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति एवं प्रबंधन, उपार्जन, कृषि एवं खाद वितरण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति सदस्यों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों को बढ़ावा देने, ग्रामीण क्षेत्रों में नगरीय निकायों की तर्ज पर जल शुल्क व्यवस्था लागू करने, छोटी नदियों में स्टॉप डैम निर्माण, तालाबों एवं बांधों के गहरीकरण, वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुरूप खाद उपयोग के लिए जागरूकता अभियान आदि पर चर्चा की।

खबर संक्षेप

कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा



माखन नगर। स्वर्गीय अनिल पुरोहित मुन्ना भैया की पुण्य स्मृति में पुरोहित परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 9 मई से किया जा रहा है शनिवार को पंचमुखी हनुमान मंदिर बस स्टैंड से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो कथा स्थल श्री राधे गार्डन पहुंची यहां पर प्रथम दिवस पंडित अनिल मिश्रा ने संगीतमय कथा भागवत कथा श्रवण करने आए श्रद्धालुओं को अपने मुखारविंद से सुनाई। पुरोहित परिवार ने भक्ति और ज्ञान के इस महायज्ञ में समस्त धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है p प्रतिदिन 2: बजे से 5: बजे तक कथा श्रवण कर भक्ति रस का लाभ ले एवं अपना जीवन धन्य बनाएं।

कांग्रेस ने किया पुतला दहन, जताया विरोध



पिपरिया। होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में पहली बार देखने को मिला है।की भाजपा सरकार ने ही भाजपा के सांसद दर्शन सिंह चौधरी का मंगलवारा चौराहे पर युवक कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष कमलेश साहु चिंकू के द्वारा अपने समर्थकों के साथ पुलिस की उपस्थिति में पुतला दहन किया गया। इस सांसद मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। चिंकू साहु ने बताया कि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जा रही है। जिसका निरीक्षण सांसद दर्शन सिंह चौधरी के द्वारा किया जा रहा था। पुतला दहन करने वाले लोगों में युवा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलेश साहु चिंकू सुनील कुचबंदिया प्रशांत पालीवाल जिला उपाध्यक्ष युवक कांग्रेस राधेश्याम ठाकरे हरीश मालपानी सचिन शर्मा सहित उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन के द्वारा सांसद दर्शन सिंह चौधरी का पुतला छीनकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। जिसमें सफलता प्राप्त की।

भाजपा सभापति के पुत्र पर हुआ हमला, हालचाल जानने विधायक पहुंचे अस्पताल

गुंडा तत्वों को सिखाएं कड़ा सबक, अपराधी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं : विधायक

भाजपा सभापति व पार्षद मीरा यादव के पुत्र आकाश यादव पर हुए जानलेवा हमले को विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने बेहद गंभीरता से लेते हुए आरोपियों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश पुलिस को दिये। इस दौरान उन्होंने आकाश का हालचाल जानने अस्पताल भी पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के समीप हाईवे स्थित यादवश्री ढाबे पर भाजपा सभापति व पार्षद मीरा यादव के पुत्र आकाश यादव पर हुए जानलेवा हमले को विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने बेहद गंभीरता से लिया है। शनिवार को विधायक ने अस्पताल पहुंचकर घायल आकाश यादव का हालचाल जाना और टीआई को दोटूक निर्देश दिए कि शहर की शांति व्यवस्था भंग करने वाले गुंडा तत्वों को कड़ा सबक सिखाया जाए।

टीआई को दिए कठोर कार्रवाई के निर्देश

घटना के बाद घायल आकाश यादव को दयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार को विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने अस्पताल पहुंचकर आकाश के स्वास्थ्य की जानकारी ली और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने मौके से ही थाना प्रभारी गौरव बुंदेला से चर्चा की और कहा कि अपराधियों में कानून का खौफ होना जरूरी है। विधायक ने स्पष्ट किया कि किसी भी दबाव में आए बिना आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सिगरेट के पैसे मांगने पर हुआ विवाद

पुलिस के अनुसार, यह विवाद हाईवे स्थित यादवश्री ढाबे पर सिगरेट के पैसे मांगने को लेकर शुरू हुआ था। आरोपियों ने पैसे देने की बात पर विवाद किया और आकाश यादव के साथ मारपीट कर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। टीआई गौरव बुंदेला ने बताया कि इस मामले में मंटू और शम्मू नामक दो युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही कुछ अन्य अज्ञात लोग भी इस हमले में शामिल बताए जा रहे हैं, जिनकी पहचान की जा रही है।

गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दबिश

पुलिस की टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। टीआई ने विश्वास दिलाया है कि आरोपियों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा और पूछताछ के बाद अन्य सहयोगियों के नाम भी उजागर होंगे।

निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष पंकज चौरे, जयकिशोर चौधरी, राकेश जाधव, मनजीत कालोसिया, मंडल अध्यक्ष गोकुल पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उन्होंने आकाश से हालचाल पूछा

पुलिस ने खोजे तीन लाख रुपए के गुम हुए मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम हुए मोबाइल उनके धारकों को लौट आए हैं। अब तक खोजे गए मोबाइल्स की कीमत लगभग रू 30,0000 बताई गई है।

एएसआई गणेश राय ने बताया कि थाना सोहागपुर में पिछले पांच माह में 25 मोबाइल गुमने की सूचना शिकायतें दर्ज की गई हैं। जिसमें 22 मोबाइल कीमती लगभग तीन लाख रुपये से अधिक के शिकायतकर्ताओं को पोर्टल के माध्यम से ढूंढकर वापस किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार मोबाइल गुम होने की सूचना नागरिक संचार विभाग के सीईआईआर पोर्टल पर जरूर करें। मोबाइल गुमने की सूचना थाना पर देते हुए मोबाइल बिल, आधार कार्ड, आईएमईआई नंबर, मोबाइल के प्रकार का उल्लेख आवश्यक रूप से करें।

बाइक में मारी बाइक की टक्कर, दंपत्ति घायल

सोहागपुर। नर्मदापुरम मार्ग पर चार मई 2026 की दोपहर एक बाइक में दूसरी बाइक से पीछे से टक्कर मार दी गई। जिसके चलते सामने वाली बाइक पर सवार दंपत्ति घायल हो गए हैं। मामले में घायलों ने सोहागपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में फरियादिया 32 वर्षीय सरिता पत्नि लोकेश कुशवाहा ने उल्लेख किया है कि वह नगर के मारुपुरा में रहती है तथा गेलेक्सी पब्लिक प्रायवेट स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ है। चार मई 2026 को दोपहर 01.30 बजे स्कूल की छुट्टी होने पर सरिता के पति लोकेश मोटर सायकल क्र MP 04 एमआर 2564 से स्कूल पहुंचे। जैसे ही स्कूल से निकले कि पीछे से काले रंग की पल्सर का चालक चंदू उर्फ छोटू कुशवाहा निवासी ग्राम सिटिया गोहना ने मोटर सायकल को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर फरियादिया की मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पति-पत्नि मोटर सायकल से गिर गए। टक्कर लगने से लोकेश कुशवाहा को दाहिने पैर के घुटने व एड़ी में चोट लगी है। महिला को भी कमर में चोट है। सेमरी से आ रहे मनीष कुशवाहा घायल दंपत्ति को आटो से सरकारी अस्पताल लाए तथा इलाज कराया। चोट अधिक होने से डाक्टर द्वारा नर्मदापुरम रैफर किया गया। लोकेश नर्मदापुरम के एक निजी अस्पताल में इलाजरत हैं। फरियादिया की सूचना पर पुलिस ने प्रकरण कायम किया है।

सेवा सदन के 40 वर्ष पूर्ण दृष्टि मित्रों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सेवा सदन के 40 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संत सिद्ध भाऊ ने कहा संस्थाओं का संचालन और वित्त पोषण सेवादारों की सेवाओं और दानदाताओं से मिले दान से होता है उन्होंने कहा दृष्टि मित्रों ने अपने-अपने क्षेत्र में नेत्र रोगियों की जो सेवा की है उसी के फलस्वरुप उनके जीवन में सुख समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य में वृद्धि हुई है माखन नगर से पहुंचे समाजसेवी दीपक वर्मा एवं साथियों ने हीरो भाऊ ज्ञानचंदानी सहित सभी अतिथियों का पुष्प हार से स्वागत किया कार्यक्रम में दृष्टि मित्रों को सम्मानित किया गया।

जनगणना 2027 में सबसे पहले कार्य पूर्ण करने वाले कर्मचारी हुए सम्मानित

शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में सर्वप्रथम कार्य पूर्णता पर कर्मचारियों को दिए प्रमाण पत्र, आमजन से सही जानकारी देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत सोहागपुर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कार्यरत प्रगणकों में से जिन्होंने सबसे पहले कार्य पूर्ण किये, उन्हें प्रशासन ने सम्मानित किया है। ई-गवर्नेंस असिस्टेंट मैनेजर अनुराग तिवारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में काशीराम चौधरी ने अपने निर्धारित क्षेत्र का कार्य सर्वप्रथम पूर्ण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। जानकारी के अनुसार एचएलबी क्रमांक 0089 के प्रगणक काशीराम चौधरी ने निर्धारित समय सीमा में सभी जनगणना 2027 कार्य सफलतापूर्वक संपादित किये। उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए अनुविभागीय जनगणना अधिकारी सोहागपुर द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अधिकारी ने बताया कि यह उपलब्धि प्रगणकों के लिये प्रेरणास्त्रोत है व जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने में सहायक है।

जनगणना 2027 का कार्य शहरी क्षेत्र में दो दिवस में पूरा करने पर शिक्षिका रितु मौर्य व सुपरवाइजर राजेश दीक्षित को प्रशंसा पत्र दिये गए हैं। नप सोहागपुर से संजय परसाई ने बताया कि शहर में जनगणना में एचबीएल-17 राजेंद्र वार्ड में मकान जनगणना के लिए प्रगणक रितु मौर्य शिक्षिका पीएमश्री शासकीय कन्या उमावि सोहागपुर ने सुपरवाइजर राजेश दीक्षित जनशिक्षक के मार्गदर्शन में दो दिवस में कार्य पूर्ण किया। तथा दोनों को एसडीएम प्रियंका भलावी, जनगणना चार्ज अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा एवं मास्टर ट्रेनर राकेश रघुवंशी ने प्रशंसा पत्र प्रदान किये हैं। इस अवसर पर नप से संजय परसाई अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी सरला सनकत तथा जनगणना लिपिक एवं ऑपरेटर नीरज मलैया उपस्थित रहे।

जनगणना 2026 के मकान सूचीकरण का सर्वप्रथम कार्य पूर्ण करने पर तहसीलदार ने सुपरवाइजर को किया सम्मानित



माखन नगर। जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण अंतर्गत तहसील चार्ज बाबई ग्रामीण में पर्यवेक्षी सर्किल 19 की सुपरवाइजर सु श्री पूजा पाटिल द्वारा अपने संपूर्ण सुपरवाइजर क्षेत्र की सभी गणना ब्लॉक 211 212 213 214 215 216 काजल खेडी एवं महेंद्रवाडी को



जनगणना मकान सूचीकरण का कार्य सर्वप्रथम पूर्ण करा लिया गया कार्य को पूर्ण किए जाने पर संबंधित सुपरवाइजर को तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी महेंद्र चौहान ने सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर समस्त फील्ड ट्रेनर उपस्थित रहे

नेशनल लोक अदालत में पिपरिया की 6 खण्डपीठों ने 158 प्रकरणों का किया निराकरण, राशि जमा करवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदा पुरम के मार्गदर्शन में शनिवार को तहसील न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें लोक अदालत कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया।लोक अदालत में प्री लिटिगेशन 12 प्रकरण का निराकरण किया गया। जिसमें 57381 रुपए की वसूली की गई। बिजली विभाग के 7प्रकरण लिटिगेशन का निराकरण किया गया। जिसमें 1,77,860 की राशि जमा कराई गई।

मोटर दुर्घटना के 5प्रकरण का निराकरण किया गया। आपसी राजीनामा के आधार पर हुआ। जिसमें कुल अवार्ड राशि 22,40,0000 रुपे रही। लोक अदालत हेतु गठित 6 खंडपीठ द्वारा कुल 158 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें कुल समझौता राशि 1,04,47,867, रुपए रही। तथा वर्षों से अलग अलग रह रहे 5पति पत्नी को समझाइश देकर फिर से साथ रहने को राजी किया गया। नगरपालिका परिषद के 39 प्री लिटिगेशन के प्रकरण का निराकरण किया गया। जिसमें कुल बसूली की राशि 5,13,810 रुपे जमा कराई गई। नेशनल लोक अदालत में राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश अर्चना रघुवंशी द्वितीय जिला न्यायाधीश मनीष कुमार पारीक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दिशा चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अखिलेश चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी निशा रघुवंशी आदि शामिल रहे।

सोमवार को होगा विधायक ट्रॉफी क्रिकेट स्पर्धा का खिताबी मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्वर्गीय मनोज खंडेलवाल की स्मृति में प्रतिवर्ष रेलवे ग्राउंड पर विधायक ट्रॉफी नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की जाती है। इस वर्ष आयोजन का तीसरा सीजन है। जिसका समापन सोमवार को फाइनल मुकाबले के साथ होगा।

आयोजक पार्षद आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि विधायक ट्रॉफी सीजन श्री सोहागपुर प्रीमियर लीग में शुक्रवार रात दो मैच खेले गए। पहला मैच रामगंज टाइगर और पालीवाल जी 11 के बीच खेला गया। जिसमें रामगंज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 108 रन बनाए। तीन ओवर शेष रहते पालीवाल जी 11 ने जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच दीपक नामदेव को चुना गया। दूसरा मैच शिवांश क्लब और आरपीएसजी में खेला गया। जिसमें शिवांश क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 118 बनाए। लेकिन आरपीएसजी 75 रनों पर सिमट गई। मैन ऑफ द मैच अभिषेक को दिया गया। इस दौरान अतिथि रूप में मध्य प्रदेश लागौरी संघ सेकेट्री आकाश अमोले, एल्डरमेन नितिन कहार, दशरथ रघुवंशी, सुरेंद्र ऊदल रघुवंशी, पूर्व पार्षद रामकिशोर जायसवाल, अंकुश जायसवाल, शाबिर अली, संजय मेहरा, आरिफ खान, ऋषभ गढ़वाल, यश खंडेलवाल उपस्थित रहे। विश्वकर्मा ने बताया कि शनिवार से प्रतियोगिता के क्वालीफायर एवं एलिमिनेटर मैच शुरू हो गए हैं। प्रतियोगिता का फाइनल सोमवार 11 मई को होगा।

सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार आवेदन 20 तक मांगे

नर्मदापुरम। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ₹आत्मा₹ के तहत मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार और बेस्ट आत्मा जिला पुरस्कार की कार्यवाही शुरू हो गई है। संचालनालय, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार वर्ष 2026-27 में आधार वर्ष 2025-26 के लिए जिला स्तरीय 10 सर्वोत्तम कृषक और विकासखंड स्तरीय 35 सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार दिए जाएंगे।

1961 के बाद पहली बार पुरानी इटारसी में शुरू हुआ 12 इंच की नई लाइन डालने का काम

65 साल पुरानी पाइपलाइन से आ रहा था गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पुरानी इटारसी के हजारों रहवासियों को अब नलों से आने वाले 'गंदे पानी' की समस्या से स्थाई मुक्ति मिलने वाली है। यहां साल 1961, यानी लगभग साढ़े छह दशक पहले बिछाई गई जर्जर पाइपलाइन को बदलने का काम आखिरकार शुरू हो गया है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर चल रहे पाइपलाइन और सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पंकज चौरे (अध्यक्ष), आदित्य पांडे (उपयंत्री), वरिष्ठ पार्षद शिवकिशोर रावत, पार्षद जिमी केथवास, पार्षद प्रतिनिधि मनीष चौधरी, एल्डरमैन मयंक मेहतो मौजूद थे। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि पुरानी पाइप के स्थान पर नई पाइप लाइन बिछाने के लिए सडक खोदी जा रही है, जैसे ही पाइप लाइन की टेस्टिंग पूरी हो जाएगी, सडक पर दोबारा सीमेंटीकरण कराया जाएगा। इस कार्य में देरी नहीं होगी।

जर्जर लाइन बनी थी सिरदर्द,

पुरानी इटारसी के वार्ड 06 में जबलपुर रेल लाइन के किनारे से श्रीराम मेडिकल तक मुख्य पेयजल सप्लाई लाइन बेहद जर्जर हो चुकी थी। यह पाइपलाइन साल 1961 के आसपास बिछाई गई थी। समय के साथ लोहे की पाइपलाइन गल गई थी, जिसके कारण लीकेज की समस्या आम थी।

क्यों जरूरी था बदलाव

पुरानी पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण जब नगर पालिका पानी की सप्लाई शुरू करती थी, तो शुरुआती 10-15 मिनट तक नलों से गंदा और बदबूदार पानी निकलता था। रहवासी लंबे समय से इसकी शिकायत कर रहे थे। अब यहां 12 इंच की नई 'डीआई केनाइन' लोहे की पाइपलाइन बिछाई जा रही है।

वार्ड 04 में नई सड़क

पेयजल लाइन के साथ ही वार्ड 04 में बुनियादी ढांचे पर काम शुरू हुआ है। यहां 120 मीटर लंबी नई सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। नपा अध्यक्ष ने इंजीनियरों को निर्देश दिए कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

क्या कहते हैं जिम्मेदार:

नपाध्यक्ष पंकज चौरे का कहना था कि पुरानी इटारसी के रहवासी काफी समय से गंदे पानी की शिकायत कर रहे थे। जांच में पता चला कि पाइपलाइन बहुत पुरानी (1961 की) हो चुकी है। अब 12 इंच की नई पाइपलाइन डाली जा रही है ताकि लोगों को शुद्ध जल मिल सके।

सीएमओ से संयुक्त संचालक बनकर पहुंचे सागर जिला नायक

पिपरिया। नपा में लगातार 4 वर्षों से पदस्थ रहे सीएमओआर पी नायक का लंबे समय से रुका हुआ प्रमोशन हो गया है। प्रमोशन होकर सागर जिला में शासन द्वारा संयुक्त संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। तथा पिपरिया नगरपालिका परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी का प्रभारी लेखाधिकारी मुकेश पठारिया को बनाया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नायक का पिपरिया आगमन हुआ तो नगरपालिका परिषद के द्वारा आर पी नायक के विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी उपाध्यक्ष संतोष परतें सभी पार्षदों कार्यकर्ता की तथा नगरपालिका परिषद के सभी अधिकारियों कर्मचारियों के साथ अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

// इश्तहार प्रकाशन सूचना //

आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी की दुकान पक्की/ कच्ची प्लाट नं. दुकान 64x14 कच्चा बाजार सरल क्र. 44 जो कि नगर पालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री जगदीश उमेश त्रिवेदी s/o राजनारायाण त्रिवेदी के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्रीमती उर्मिला त्रिवेदी w/o जगदीश त्रिवेदी के नाम किरायेदारी में नाम परिवर्तन कराना चाहते है उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराय जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगर पालिका परिषद् इटारसी के कार्यालीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी

मुख्य नगर पलिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद इटारसी

खबर संक्षेप

प्राचार्य को हटाया, परस्ते को दिया प्रभार

हरदा। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की विवादित प्राचार्य डॉ. संगीता बिले को फिर से प्राचार्य पद से हटा दिया गया है। शुक्रवार को आदेश उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिपाहा ने जारी किए। आदेश के अनुसार कॉलेज के अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक डॉ. राकेश सिंह परस्ते को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। वे नियमित कर्तव्यों के साथ प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। आदेश के अनुसार मप्र शासन बुक ऑफ फाइनेंशियल पावर्स 1995 के पृष्ठ-2, उपभाग-1 में दिए अधिकारों के तहत उन्हें आहरण एवं संवितरण के सभी अधिकार दिए हैं। मालूम हो, पूर्व प्राचार्य डॉ. संगीता बिले के खिलाफ एबीवीपी द्वारा लगातार अव्यवस्थाओं को लेकर प्रदर्शन किए। प्राचार्य की कार्यशैली पर भी संगठन के सदस्यों ने सवाल खड़े किए। शिकायतों के बाद भी समस्या हल नहीं हुई। लगातार लापरवाही के चलते डॉ. संगीता बिले को हटाने की मांग की। कॉलेज स्टाफ के साथ भी समन्वय की कमी देखी गई। पूर्व में कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. दीपिका सेठे के साथ भी विवाद हुआ था। इसके बाद भी डॉ. बिले को हटाया गया था। ज्ञात रहे कि प्राचार्य डॉ. संगीता बिले हमेशा से विवादों में घिरी रही हैं। वहीं एबीवीपी ने अव्यवस्थाओं को लेकर प्रदर्शन किया था।

मंडी में प्याज 1400 रुपए क्विंटल तक पहुंची

सीहोर। मंडी में प्याज की कीमतों में सुधार से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। 4 मई को प्याज का अधिकतम भाव 1370 रुपए प्रति क्विंटल था। गुरुवार को यह 1400 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर बना रहा। पिछले साल इन्हीं दिनों में प्याज का अधिकतम भाव 800 से 900 रुपए प्रति क्विंटल के बीच था। तब किसानों को लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा था। इस साल 500 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़त सीधे किसानों के मुनाफे में जुड़ रही है। व्यापारियों का कहना है कि निर्यात नीति बेहतर हो, तो किसानों का लाभ और बढ़ेगा। मंडी में प्याज की आवक की निगरानी हो रही है। नीलामी प्रक्रिया पर भी नजर रखी जा रही है। फोकस इस पर है कि किसानों को उपज का उचित मूल्य मिले। भुगतान में कोई असुविधा न हो। किसानों ने कहा कि कीमत और अधिक मिलनी चाहिए। कई किसानों ने प्याज के दाम कम मिलने से परेशानी बताई। बिजोरी के रामकृष्ण शर्मा ने कहा कि प्याज की कीमतें ज्यादा मिलनी चाहिए। लागत बढ़ चुकी है। खाद-बीज महंगे दामों पर मिल रहे हैं। मंडी में भाव अच्छा मिलना चाहिए।

ई-प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन का आंकड़ा 60 हजार के पार

सीहोर। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर की प्रवेश प्रक्रिया क्रमशः एक और 2 मई को शुरू हो चुकी है। उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिये पंजीयन कराने के लिए दिनांक 7 मई 2026 तक विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं एनसीटीई पाठ्यक्रमों में कुल 60 हजार 768 पंजीयन हो गए हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों में 39 हजार 579, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में 8,364 तथा एनसीटीई पाठ्यक्रमों में 12 हजार 825 पंजीयन हुए हैं। इसी प्रकार कुल 36,189 विद्यार्थियों द्वारा चॉइस फिलिंग तथा 23,964 आवेदनों का सत्यापन पूर्ण किया जा चुका है।

अरुणा राय ने किया रक्तदान

सीहोर। अरुणा सुदेश राय ने खून देकर शुक्रवार को थैलेसीमिया रोग से पीड़ित बच्चे के जीवन को बचा लिया। समाजसेविका अरुणा सुदेश राय ने जिला अस्पताल के ब्लड सेंटर पहुंचकर रक्तदान किया। थैलेसीमिया एक गंभीर अनुवांशिक खून की बीमारी है जिसमें रोगी को जीवन बचाने के लिए हमेशा खून की जरूरत होती है। समाजसेवी अरुणा सुदेश राय ने थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित बच्चे को खून देकर नया जीवनदान दिया। थैलेसीमिया विश्व दिवस पर जिला चिकित्सालय सीहोर के द्वारा ब्लड सेंटर में जरूरतमंद थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

संस्था के डायरेक्टर ने कहा सभी के पैसे वापस करेंगे

नौकरी के नाम पर प्रदेशभर के 3200 युवाओं से 10 लाख रुपए की ठगी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

पूर्व मंत्री कमल पटेल की जनसुनवाई में बेरोजगार युवक-युवतियों ने रोजगार के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत की है। पीड़ितों ने बताया कि सर्व शिक्षा मिशन के तहत नौकरी दिलाने का झांसा देकर प्रदेशभर के 3200 से अधिक युवाओं से करीब 10 लाख रुपए ठगे गए हैं। पूर्व मंत्री ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा है।



शिकायतकर्ता गणेश चौहान और कंचन लोनिया ने बताया कि कुछ अखबारों में 'ग्लोबल ह्यूमन एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन' और 'ग्लोबल हेड फाउंडेशन' के नाम से विज्ञापन प्रकाशित हुए थे। इनमें बिना पलायन किए अपने ही गांव या शहर में रोजगार देने का दावा किया गया था। ग्राम मोहनपुर निवासी संस्था के डायरेक्टर वीरेंद्र मालवीय और उनकी पत्नी ज्योति मालवीय पर आरोप है कि उन्होंने प्रति व्यक्ति 290 रुपए पंजीकरण शुल्क के रूप में पूरे प्रदेश के 3200 से अधिक बेरोजगार युवाओं से जमा कराए।

कुछ युवाओं से दो महीने तक काम भी करवाया गया, लेकिन उन्हें वेतन नहीं दिया गया। अब संस्था के लोग पीड़ितों के फोन भी नहीं उठा रहे हैं। इस संबंध में पीड़ितों ने पहले कलेक्टर की जनसुनवाई में भी शिकायत की थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया था। संस्था ने 18 फरवरी 2026 से रीजनल प्रोग्राम मैनेजर, जिला प्रोग्राम मैनेजर, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर और एफएम यूनिट मैनेजर जैसे पदों के लिए हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, खंडवा और बुरहानपुर को कार्यक्षेत्र बताया था। उन्हें यह भी आश्वासन दिया गया था कि पूरे मध्य प्रदेश में कार्य शुरू हो रहा है और यह मध्य प्रदेश शासन के साथ मिलकर किया जा रहा है। भरोसे के आधार पर लगभग 40-50 दिनों तक काम चला। इसके बाद प्रत्येक जिले में जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यरत टीमों को एक-एक लक्ष्य (टारगेट) दे दिया गया। इसी आधार पर उनकी सैलरी रोक दी गई। पीड़ितों ने मांग की कि इस मामले को संज्ञान में लेकर संस्था के संबंधित अधिकारियों से बात की जाए और सभी व्यक्तियों को उनका रिफंड उपलब्ध करवाया जाए।

वापस देंगे राशि : वीरेंद्र

इस मामले में संबंधित वीरेंद्र मालवीय का कहना है कि उन्होंने जिन लोगों से पंजीकरण शुल्क लिया है। उन्होंने लक्ष्य के अनुसार काम नहीं किया। अनुमानित 3 हजार लोगों को पंजीकरण शुल्क 290-290 रुपये जल्द वापस किए जाएंगे।

प्रशासन ने दावा किया

तुलाई, छाया, पानी, हम्मालों की व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में गेहूं उपार्जन व्यवस्था को किसानों के लिये सुगम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा सतत मानिटरिंग की जा रही है। जिले के प्रशासनिक एवं अन्य विभागों के अधिकारी निरन्तर



उपार्जन केन्द्रों पर पहुँच कर उपार्जन व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे है. निरीक्षण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया जा रहा है। शनिवार को अनुविभागीय राजस्व अधिकारी खिरकिया शिवांगी बघेल, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी टिमरनी संजीव नागू, तहसीलदार हंडिया वीरेन्द्र उइके सहित अन्य अधिकारियों ने अपने क्षेत्र अंतर्गत उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। अधिकारियों ने उपार्जन केन्द्रों पर तुलाई एवं हम्माल व्यवस्था देखी। साथ ही यहां आने वाले कृषकों के लिए छाया- पानी एवं विश्राम की व्यवस्था सुनिश्चित की।

भंडारण व्यवस्था बनाई

हरदा में जिन वेयरहाउसों में गेहूं भंडारण पूरा हो गया, वहां की खरीदी अब पास के वेयरहाउसों में की जाएगी। शनिवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। कलेक्टर जैन ने अधिकारियों से कहा, नए वेयरहाउसों का चयन करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को अपना गेहूं बेचने के लिए अधिक दूरी तय न करनी पड़े। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों की सुविधा बनाए रखना है। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले के वेयरहाउसों में पहले से भंडारित गेहूं के परिवहन की तैयारी करने के भी निर्देश दिए। यह आगामी भंडारण और वितरण व्यवस्था के लिए आवश्यक है। इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित कृषि, सहकारिता, विपणन संघ और वेयरहाउस से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

एसपी से शिकायत : पुलिस पर 80 वर्षीय बुजुर्ग पिता को प्रताड़ित करने का आरोप

हरदा। जिले में हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम रेलवा निवासी बलराम कोरकू और छायाबाई ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती आवेदन दिया है। इसमें उन्होंने हंडिया थाना पुलिस पर उनके 80 वर्षीय बुजुर्ग पिता अजबसिंह कोरकू को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। परिजनों का दावा है कि पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर अजबसिंह ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। शिकायत में कहा गया है कि मिश्रीलाल, साजन और रामोतार ने 25 साल पुराने स्टाम्प का हवाला देते हुए अजबसिंह कोरकू के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद हंडिया थाने में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल कंचन सिंह राजपूत ने 30 अप्रैल को बुजुर्ग अजबसिंह को थाने ले जाकर प्रताड़ित किया।

आरोप है कि कंचन सिंह ने अजबसिंह से मिश्रीलाल और रामोतार को डेढ़ लाख रुपए वापस करने को कहा। परिजनों ने बताया कि इस दौरान उनके पिता हाथ-पैर जोड़ते रहे कि शिकायतकर्ताओं ने उनकी जमीन हड़प ली थी और उसका पैसा भी नहीं दिया। परिजनों का यह भी आरोप है कि हेड कॉन्स्टेबल कंचन सिंह ने 25 हजार रुपए लेकर उनके बुजुर्ग पिता से हस्ताक्षर करवा लिए। इस प्रताड़ना से तंग आकर अजबसिंह ने 1 मई को खेत में जाने का कहकर जहरीली दवा का सेवन कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग अजबसिंह को 1 से 4 मई तक जिला अस्पताल में भर्ती रखने के बाद छुट्टी दे दी गई थी। अगले दिन उनके परिजनों ने उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां वे बीते पांच दिनों से उपचाराधीन हैं। परिजनों का कहना है कि उनके पिता ने 18 साल पहले ही अपनी जमीन मुकेश विश्नोई को बेच दी थी। इसके बावजूद काली सराय निवासी रामोतार, मिश्रीलाल और साजन द्वारा उनके खिलाफ झूठी शिकायत की गई है।

पुलिस ने कहा

मामले पर डीएसपी अरुणा सिंह का कहना है कि उन्हें शिकायत मिली है और मामले की जांच कराई जा रही है। उधर घटना के नौ दिनों बाद अचानक बुजुर्ग के परिजनों का एसपी को शिकायत करने पहुंचना संदेह पैदा करता है, खासकर जब बुजुर्ग को जिला अस्पताल से चार दिनों बाद छुट्टी मिल गई थी और फिर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल, बुजुर्ग अजबसिंह कुछ भी कह पाने की स्थिति में नहीं हैं।

मिशन हैप्पी हरदा में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया

इसरो के वैज्ञानिक ने बताया कृषि में सैटेलाइट का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मिशन हैप्पी हरदा के तहत किसानों एवं युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने हेतु डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय एवं सत्यशिव फार्म, पानतलाई के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में इसरो वैज्ञानिक शशिकांत ए. शर्मा ने कृषि में सेटेलाइट तकनीक, अंतरिक्ष विज्ञान एवं आधुनिक डिजिटल मानचित्रण प्रणाली के उपयोग पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। अपने संबोधन में शर्मा ने बताया कि नासा एवं इसरो द्वारा संयुक्त रूप से विकसित निसार उपग्रह तकनीक के माध्यम से कृषि मानचित्रण, मौसम विश्लेषण, जल संसाधन प्रबंधन, पर्यावरण निगरानी एवं आपदा प्रबंधन जैसे कार्य अत्यंत तेजी और सटीकता से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक उपग्रह तकनीक किसानों को



वैज्ञानिक खेती की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसरो द्वारा विकसित वेदास (पृथ्वी अवलोकन आंकड़ा दृश्यांकन एवं संग्रह प्रणाली) वेबसाइट की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक अत्याधुनिक भू-स्थानिक एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित डिजिटल मंच है, जिसके माध्यम से उपग्रह आंकड़ों का विश्लेषण कर किसानों, शोधकर्ताओं एवं शासकीय विभागों को उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। शर्मा ने बताया कि वेदास पोर्टल पर फसल स्वास्थ्य, वर्षा, जल संसाधन, वन क्षेत्र, प्रदूषण, वायु गुणवत्ता, जले हुए क्षेत्रों (बर्न्ट एरिया) एवं बाढ़ संभावित क्षेत्रों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध रहती हैं। किसान अपने खेतों के पुराने वर्षों के आंकड़े भी देख सकते हैं, जिससे उन्हें फसल उत्पादन एवं भूमि की स्थिति को समझने में सहायता मिलती है। इससे वैज्ञानिक खेती एवं फसल प्रबंधन को बढ़ावा मिल रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों एवं छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न रखे, जिनका श्री शर्मा ने सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समाधान प्रस्तुत किया। इस संवाद से युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त हुई, वहीं किसानों को वैज्ञानिक खेती, मृदा स्वास्थ्य एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में उपयोगी जानकारी मिली। कार्यक्रम के दौरान भरत टांक ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को आधुनिक तकनीकों के साथ जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि तकनीक एवं प्राकृतिक खेती के समन्वय से कृषि को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाया जा सकता है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या अभिरुचि सिंह ने कहा कि हरदा जिले में कृषि क्षेत्र में इस तकनीक के उपयोग से किसानों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। आभार प्रदर्शन करते हुए विकास भूमरकर ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ युवाओं एवं किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं, जिनका लाभ भविष्य में समाज एवं कृषि क्षेत्र को मिलेगा।

फालियों में जल-संकट बरकरार

सुबह से ही खाली बर्तन ले पानी की तलाश में जुट जाती महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

आदिवासी बहुल अंचलों में ऐसे कई फालिये हैं,जो नल जल योजना के लाभ से वंचित हैं और वे पेयजल के लिए निजी कुओं एवं नलकूपों पर निर्भर हैं। जहां महिलायें सुबह से ही खाली बर्तन लिए पानी की तलाश में जुट जाती है। ऐसी ही तस्वीर,ग्राम पंचायत नरवट के करीब 10 फालियों में सामने आई है।

गुरूवार को कुमार फालिया में कुछ ऐसी ही तस्वीर दिखाई दी, जिसमें कई महिलायें सिर बोझ से पानी ला रही थी। इनमें मोनूबाई, शालूबाई, रेखा, पिंकी, लक्ष्मी, सुशीला, सुमनबाई आदि हैं। उन्होंने बताया कि हम किसान मालसिंह, अनारसिंह, बूटिया के कुओं से पानी ला रही हैं। जिनकी दूरी करीब एक किमी तक होने से वे परेशान हैं। हमें चक्की फालिया से 8,10 वर्षों से अनियमित जल प्रदाय से परेशानी हो रही है। उन्होंने समस्या के स्थायी हल के लिए टंकी निर्माण की मांग की है। विदित ही है कि उक्त पंचायत का क्षेत्रफल अधिक है और मुख्य गांव सहित करीब 10 फालिये आते हैं और प्रत्येक में औसतन 30,35 परिवार रहते हैं। इनमें भूपेन्द्र राठौर (कुमार फाल्या) काठिया बंधान के मालसिंह पटेल (पटेल फाल्या), जितेन्द्र नार्वे (हनुमान फाल्या), बेचान कुशवाह (बुच्चा फाल्या), शेरसिंह पटेल (कुकडिया मुहाल), बबलू मोरे (दगडखेड़ी), तेरसिंह पटेल (ओंकार फाल्या) पटेल और (पठार फाल्या) प्रमुख हैं।

उन्होंने बताया कि इन फालियों में शासकीय हेंडपंप एवं कुआ आदि जल स्त्रोतों का जल स्तर नीचे चला गया है, जिससे पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है अथवा बंद हैं। इसलिए वहां के ग्रामीण खेतों में स्थित निजी कुओं और नलकूपों पर ही पेयजल के लिए निर्भर हैं। जबकि मुख्य गांव में ही नलजल योजना का जल प्रदाय हो रहा है और अन्य फालियों में जलसंकट बरकरार है।

इनका कहना है

कुमार फाल्या की समस्या को लेकर वहां उपयंत्री दीपिका चौहान को भेजा है। अन्य फाल्यों में निजी कुओं, नलकूप और विभाग द्वारा सिंगल फेस पम्प से पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

भरत मुजाल्दे, एसडीओ पीएचई भीकनगांव

6 आरोपियों ने किया था चाकू से हमला

घायल युवक बलवंत की अहमदाबाद में मौत से शोक



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

समीपवर्ती ग्राम नरवट में गणगौर विसर्जन के दौरान गंभीर रूप से घायल युवक बलवंत गोलकर की अहमदाबाद में मृत्यु के बाद क्षेत्र में शोक व्याप्त हैं। ग्रामीणजनों ने गिरफ्तार किये गए 6 आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि गणगौर विसर्जन के दौरान 23 मार्च को युवक बलवंत गोलकर पर कथित 6 आरोपियों ने चाकू से हमला किया था। जिससे उसके पेट में चाक़ू से गहरे घाव होने से आंते का गई थी उसका अहमदाबाद में उपचार चल रहा रहा था। जहां मंगलवार रात उसकी मृत्यु हो गई थी।जिसका गुरूवार को उसके गृह ग्राम में अंतिम संस्कार किया गया था। शुक्रवार को भारी संख्या में ग्रामीणजन थाने पर पहुंचे थे और आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी सेमलिया गहलोद ने बताया कि प्रकरण में धाराएं बढाई जावेगी और शीघ्र ही न्यायालय में चालान पेश किया जावेगा। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तार 6 आरोपियों में 3 बालिग़ और 3 नाबालिग हैं और वे सभी जेल में है।

ओएफसी बिछाने के लिए सड़क खुदाई जेसीबी जब्त, पुलिस अभिरक्षा में सौंपी



झिरन्या। प्रधान मंत्री सड़क योजना की सड़क की खोदाई कर रही जेसीबी मशीन को पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया है। उसके द्वारा बीएसएनएल की भूमिगत आप्टिकल केबल बिछाने के लिए सड़क के सोल्डर खोदे जा रहें हैं। एसडीएम भीकनगांव लोकेश छापरे और उक्त योजना के अधिकारियों ने बुधवार को बारदेवाला-सतवाड़ा मार्ग पर उक्त कार्रवाई की थी। महाप्रपंधक योगेश शर्मा ने बताया कि कार्रवाई के दौरान वे भोपाल में थे और उन्होंने टीम को मौके पर भेजा था। थाना प्रभारी सेमलिया गेहलोद ने बताया कि जेसीबी मशीन पुलिस अभिरक्षा में रखी गई है और उक्त अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर बोले : समाज तय करे अनावरण की तारीख

आंबेडकर उपवन में स्थापित होगी बाबा साहब की प्रतिमा, सीसीटीवी कैमरों से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के अम्बेडकर उपवन में संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण जल्द ही किया जाएगा। शुक्रवार को अहिरवार समाज संघ के पदाधिकारियों ने नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर से उनके निवास पर मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। मुलाकात के दौरान नपाध्यक्ष ने समाज को आश्वस्त किया कि प्रतिमा नगर पालिका द्वारा मंगवा ली गई है और समाज की सहमति से जल्द ही भव्य कार्यक्रम के साथ इसका अनावरण किया जाएगा।

अहिरवार समाज संघ के प्रदेश सचिव विनोद कुमार बड़ोदिया ने मांग पत्र के माध्यम से बताया कि पिछले वर्ष नगरपालिका द्वारा अम्बेडकर उपवन का अनावरण किया गया था, जहां बाबा साहेब की तस्वीर लगाई गई थी। लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बार-बार उस तस्वीर को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया। समाज ने मांग की है कि उपवन का सौंदर्यीकरण कराया जाए और वहां सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं, ताकि बाबा साहेब की प्रतिमा और उपवन की गरिमा सुरक्षित रहे। सचिव बड़ोदिया ने बताया कि मुलाकात के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बाबा साहेब के विचारों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पालिका बाबा साहेब के उपवन को एक आदर्श स्थल के रूप में विकसित कर रही है। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों से कहा बाबा साहेब की प्रतिमा आ चुकी है। आप समाज के अधिक से अधिक लोगों से चर्चा कर अनावरण की एक तिथि तय कर लें, उसी दिन भव्य रूप से प्रतिमा स्थापित कर दी जाएगी। अहिरवार समाज संघ के प्रदेश सचिव विनोद बड़ोदिया, जिला पदाधिकारी राजेश कुमार अहिरवार, रविशंकर अहिरवार, अमनसिंह नरवरिया, मंसाराम, नर्मदा प्रसाद, रामसिंह अहिरवार सहित नागरिक उपस्थित रहे।